# **प्रेस नोट**

## **जनपद सीतापुर**

# **03 अवैध शस्त्र व 6 कारतूस सहित चार अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 17.08.21

श्रीमान पुलिस अधीक्षक श्री आर.पी. सिंह द्वारा जनपद में सघन चेकिंग अभियान चलाये जाने एवम् अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं।

पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में थाना कोतवाली नगर, हरगांव व सकरन की पुलिस टीमों द्वारा चेकिंग के दौरान 03 अभियुक्तों को 03 अवैध शस्त्र व 6 कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया है। विवरण निम्नवत् है-

1. **थाना कोतवाली नगर द्वारा 1 अवैध तमंचे व 3 कारतूस सहित 02 गिरफ्तारः** कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त 1.शुभम सिंह पुत्र राज सिंह नि0 लोनियनपुरवा थाना कोतवाली नगर व 2.तौहिद पुत्र मुस्तफा नि0 लालपुर थाना कोतवाली नगर के पास से कुल एक तमंचा व 3 कारतूस 12 बोर बरामद कर मु0अ0सं0 384/21,385/21 धारा 25(1-बी) पंजीकृत कर चालान मा0 न्यायालय किया गया।

2. **थाना हरगांव द्वारा 1 अवैध तमंचे व 3 कारतूस सहित 01 गिरफ्तारः-** थाना हरगांव पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त लाला सिंह पुत्र मनोहर नि0 सुल्तानपुर तकिया थाना हरगांव सीतापुर को 1 अवैध तमंचा व 3 कारतूस सहित गिरफ्तार कर मु0अ0सं0 427/21 धारा 25(1-बी) आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर चालान मा0 न्यायालय किया गया।

3. **थाना सकरन द्वारा अवैध चाकू सहित 01 गिरफ्तारः-** थाना सकरन पुलिस द्वारा अभियुक्त गुड्डू पुत्र युसुफ नि0 भदमरा थाना रेउसा को अवैध चाकू सहित गिरफ्तार कर मु0अ0सं0 313/21 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर चालान मा0 न्यायालय किया गया।




थाना हरगाँव,जनपद-सीतापुर